आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार किसानों को सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। सरकार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के प्रमाणन की व्यवस्था कर तीन साल तक क्षतिपूर्ति के लिए उनके खातों में पैसा भेजेगी। लखनऊ में प्राकृतिक खेती को लेकर आज आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से न तो उत्पादन कम होगा और नही भंडारण में कमी आएगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को जागरूक करने पर जोर देते हुए कहा कि–(**बाइट–केन्द्रीय कृषि मंत्री**)

कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवब्रत, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख भी मौजूद रहे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि कार्य में अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि अधिक फर्टिलाइजर के इस्तेमाल क कारण ही आज कैंसर ट्रेन चलाने की नौबत आ गयी है। मुख्यमंत्री आज लखनऊ में प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों के रूप में धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है। सीएम योगी ने इस बात पर जोर दिया कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाये रखना होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि प्रदेश में जल्द ही एक कृषि विश्वविद्यालय को प्राकृतिक खेती के लिए समर्पित कर दिया जाएगा।

****

चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। एक व्यक्ति ने लखनऊ के अस्पताल में दम तोड़ दिया जबकि रेल ट्रैक साफ करते समय ट्रेन के वैगन कोच से एक और शव बरामद किया गया। दो अन्य घायलों की हालत गंभीर है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक पांच नौ शून्य चार एक्सप्रेस ट्रेन के इक्कीस डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण तीस लोग घायल हो गए। हादसे के बाद लखनऊ–गुवाहाटी मुख्य रेल मार्ग की बहाली का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इस बीच ट्रेनों को मनकापुर अयोध्या बाराबंकी लखनऊ रूट से डायवर्ट किया गया है।

****

प्रदेश में कल एक दिन में छत्तीस करोड़ पचास लाख से अधिक पौधरोपण कर सरकार एक नया कीर्तिमान बनाने की तैयारी कर रही है। पेड लगाओ–पेड़ बचाओ जन अभियान के नारे से शुरू होने वाले पौधरोपण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ के अकबर नगर क्षेत्र में करेगें। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभारी मंत्री और जन प्रतिनिधि अपने–अपने जिलों में पौध रोपण अभियान का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आह्वान सभी लोगों से किया है।

****

मेडिकल प्रवेश परीक्षा, नीट यूजी में शामिल सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम कल दोपहर बारह बजे तक केन्द्रवार और शहरवार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए की वेबसाइट पर जारी होने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट ने कल नीट से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस संबंध में एनटीए को आदेशित किया था। मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़ी लगभग चालीस याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई बाइस जुलाई को होगी।

****

वाहन के विंड स्क्रीन पर जानबूझकर फास्टैग नही लगाने वाले वाहनों से दो गुना शुल्क वसूला जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने इस संबंध में जारी दिशा निर्देश में कहा है कि विंड स्क्रीन पर जानबूझकर फास्टैग नही लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है। इससे अन्य वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

****

रीयल एस्टेट के क्षेत्र में खरीदारों को भ्रामक विज्ञापनों के धोखे से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी–रेरा ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत रेरा की तरफ से रीयल एस्टेट की पंजीकृत परियोजनाओं को एक विशिष्ट क्यू.आर. कोड प्रदान किया गया है। किसी भी परियोजना में निवेश के लिए इच्छुक व्यक्ति अपने मोबाइल फोन से इस कोड को स्कैन कर रेरा के पोर्टल से परियोजना तथा प्रोमोटर से संबन्धित सभी जानकारियां आसानी से प्राप्त कर सकता है। रेरा के अध्यक्ष, संजय भूसरेड्डी ने कहा है कि खरीदार रीयल एस्टेट के विज्ञापनों में प्रकाशित विवरणों की सत्यता परख कर ही खरीदारी सुनिश्चित करें।

****

प्रदेश के कई जिलों मे बाढ़ की स्थिति में सुधार आया है। हालांकि अभी भी लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, देवरिया, उन्नाव और महराजगंज ज़िलों के सोलह सौ से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गोरखपुर में राप्ती नदी का जलस्तर घटा है, फिर भी वह खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं सिद्धार्थनगर में बूढ़ी राप्ती और गोंडा में क्वानो खतरे के जलस्तर से ऊपर बह रही है। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी फ्लड बटालियन तैनात हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में प्रशासन द्वारा राहत सामग्री बांटी जा रही है।

****